अमर उजाला

# नकली शराब बनाते तीन आरोपी गिरफ्तार

मेरठ ब्यूरो Updated Fri, 17 Aug 2018 01:09 AM IST



मंसूरपुर। गांव नावला में पुलिस ने एक मकान से छापा मारकर नकली शराब बना रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार की देर रात को पुलिस को सूचना मिली कि गांव नावला में एक मकान में नकली शराब बनाई जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर रुचिन त्यागी पुत्र प्रवेश के मकान पर छापा मारा। छापे के दौरान वहां से पुलिस ने तीन लोगों को रुचिन त्यागी गांव नावला, बालेंद्र व सोनू निवासी गांव खानुपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 150 लीटर रेक्टिफाइड, 300 लीटर शराब तथा 16 पेटी पव्वों में भरी हुई शराब, बोतलों के ढक्कन, 5000 खाली पव्वे, रैपर तथा सील लगाने की मशीन बरामद की। दरोगा ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार भी बरामद की गई है। आरोपियों ने बनाए गए शराब के पव्वों पर सरशादीलाल डिस्टलरी मंसूरपुर के नाम के रेपर लगा रखे हैं। यह लोग सर शादीलाल शराब फैक्ट्री के नाम के बोतलों पर रेपर लगाकर नकली शराब बना रहे थे। पुलिस ने सर शादीलाल शराब फैक्ट्री के अधिकारियों को बुलाकर इसकी जानकारी दी। इस संबंध में मंसूरपुर डिस्टलरी के जीएम प्रशासन सुनील कुमार जैन का कहना है कि उनकी फैक्ट्री से कोई रेपर और सील चोरी नहीं हुए हैं। फैक्ट्री के नाम के रेपर और ढक्कन डुप्लीकेट बनवाए गए हैं।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/muzaffarnagar/crime/151534448388-muzaffarnagar-news